पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

<u>दैनिक विवरणिका</u>

संख्या-04 शुक्रवार, दिनांक-24 फरवरी, 2012 ई० ।

<u>माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।</u>

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.15 बजे अपराह्न तक ।

[1] <u>प्रश्नोत्तर काल</u> :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(अल्पसूचित प्रश्न के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोर-गुल करते हुए कुछ क्षणों के लिए सदन से बहिर्गमन कर गए ।)

(ii) 23 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 27 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] <u>शून्यकाल</u> :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय
(ii) डॉ० दाऊद अली
(iii) श्री कृष्णनन्दन यादव
(iv) श्री बिरेन्द्र सिंह
(v) श्रीमती लेशी सिंह
(vi) श्री बिनोद कुमार सिंह
(vii) श्री जनक सिंह
(viii) श्री संजय सिंह 'टाइगर'
(ix) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(x) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xi) श्री विनोद प्रसाद यादव
(xii) श्रीमती आशा देवी
(xiii) श्री राजेश्वर राज
(xiv) श्री प्रदीप कुमार
(xv) श्री दिनेश कुमार सिंह

[3] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी तथा अन्य सभासदों के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया, जिसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों के मंत्रिमंडल सचिवालय (नागरिक उड्डयन) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया, जिसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 3.00 बजे अप० तक ।

[4] **वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए आय-व्ययक का उपस्थापन :-**

माननीय उप मुख्य (वित्त) मंत्री श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक की प्रति को सदन पटल पर रखा गया तथा इस संबंध में अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया गया ।

[5] **निवेदन :-**

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 25 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 27.02.2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-24.02.2012

लक्ष्मीकांत झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।